>

Title: Need to provide necessary funds under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana for electrification works in Kaushambi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): देश में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना एक प्रभावकारी कदम है। मेरे संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी के प्रतापगढ़ एवं कौशाम्बी जिलों में लगभग सैंकड़ों गांवों एवं पुरवों का इस हेतु सर्वे हो चुका है एवं इसका एस्टीमेट भी बनाकर विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा है लेकिन केन्द्र सरकार ने आज तक इस परियोजना के लिए धनराशि राज्य सरकार को नहीं भेजी है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना हेतु धन मेरे संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी के लिए तत्काल भेजे ताकि उपरोक्त सैंकड़ों ग्रामों एवं पुरवों में विद्युतीकरण हो सके।